# महात्मा गॉंधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कालेज फिरोजाबाद

# राष्ट्रीय सेवा योजना

## प्रथम इकाई एंव द्वितीय इकाई

## सत्र 2021 – 2022

# सम्पूर्ण गतिविधियों की वार्षिक आख्या

(डॉ0 निष्ठा शर्मा)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
प्रथम इकाई
NSS OFFICER
UNIT Ist
MGBV (P.G.) COLLEGE
FIROZABAD

(डॉ0 संध्या द्विवेदी)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
द्वितीय इकाई
NSS Officer,
IInd Unit
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

## *महात्मा गाँधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कॉलेज, फिरोजाबाद*
## *राष्ट्रीय सेवा योजना : सत्र 2021–2022*
# वार्षिक आख्या

सत्र 2021 22 के अंतर्गत महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पीजी) कॉलेज फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों (प्रथम एवं द्वितीय इकाई) द्वारा प्राचार्या डॉं निर्मला यादव के कुशल मार्गदर्शन में कार्यक्रम अधिकारी डॉ निष्ठा शर्मा प्रथम इकाई एवं डॉ संध्या द्विवेदी द्वितीय इकाई के निर्देशन में विशेष शिविर, एक दिवसीय शिविर, तथा अन्य सामाजिक जागरूकता एवं सुरक्षात्मक कार्यों का सफल आयोजन किया गया।

आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक 26 नवंबर 2021 को महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई तथा राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ निर्मला यादव द्वारा छात्राओं को भारत के संविधान की उद्देशिका का पाठन कराया गया, जो संविधान के उद्देश्य, उसके सार, लक्ष्य तथा दर्शन को प्रकट करती है। इस अवसर पर विषय से सम्बन्धित एक क्विज प्रतियोगित का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 निष्ठा शर्मा, डॉ0 संध्या द्विवेदी व श्रीमती माया मधुर (असि0प्रो0 राजनीति विज्ञान) ने किया। सह–आयोजन डॉ0 अमृता सिंह (असि0प्रो0 शारीरिक शिक्षा) तथा श्रीमती अंकिता ठाकुर (असि0प्रो0 राजनीति विज्ञान) द्वारा किया गया।

सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 दिसंबर पर मातृभूमि की सुरक्षा में समर्पित जांबाज़ सैनिकों, सेना में कार्यरत कर्मियों और उनके परिवार के सहयोग हेतु संकल्प लिया गया तथा सहायता राशि एकत्रित कर उनके सम्मान में समर्पित की गई

सामाजिक गतिविधि के अंतर्गत सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता हेतु दिनांक 9 दिसंबर 2021 को एक क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। योजना अधिकारी डॉ निष्ठा शर्मा तथा डॉ संध्या द्विवेदी द्वारा सड़क सुरक्षा ज्ञान एवं यातायात के नियमों को बताया गया, तत्पश्चात यातायात जागरूकता प्रदान करने हेतु छात्रों द्वारा रैली निकाली गई।

सत्र के आरंभ से ही समय–समय पर छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ निर्मला यादव तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ निष्ठा शर्मा कोर्डिनेटर "स्वीप" महाविद्यालय द्वारा मतदान संबंधित जानकारी दी गई तथा मतदान पहचान पत्र बनवाने हेतु पंजीकरण करवाया गया। दिनांक 24 जनवरी "एक दस्तक पहल" के अर्न्तगत डोर टू डोर जाकर छात्राओं मतदान के प्रति जागरूक किया।

दिनांक 25 जनवरी 2022, 12 वें राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्या द्वारा राष्ट्र के प्रति कर्तव्य निर्वहन हेतु शपथ दिलाई गई कोविड–19 सुरक्षात्मक नियमों एवं रोस्टर के अनुसार उपस्थित शिक्षकों एवं कर्मचारियों द्वारा शपथ ग्रहण की गई।

राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर ही कोविड को ध्यान में रखते हुए ऑनलाइन मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया विषय " स्वस्थ लोकतंत्र मतदान अधिकार ही नहीं कर्तव्य भी"। अतिथिवक्ता गण श्री महावीर प्रसाद आई.ए.एस सेवानिवृत्त झारखंड बिहार, श्रीमती मीनाक्षी सिन्हा, सिविल जज सीनियर डिवीजन फिरोजाबाद तथा श्रीमती कल्पना राजोरिया ब्रांड एंबेसडर 'स्वीप' फिरोजाबाद रहे। प्राचार्य डॉ निर्मला यादव की अध्यक्षता में संयोजन डॉ0 निष्ठा शर्मा कार्यक्रम अधिकारी कोर्डिनेटर 'स्वीप' तथा सह–संयोजन अंकिता ठाकुर (असि0प्रो0 राजनीति विज्ञान) ने किया। इस ऑनलाइन कार्यक्रम में लगभग 425 छात्राऐं सम्बद्ध हुयीं।

दिनांक 18 अप्रैल 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना तथा महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में "अग्नि शमन " सुरक्षा सप्ताह एवं माह के अंतर्गत कार्यशाला का आयोजन किया गया। फायर स्टेशन फिरोजाबाद के लीडिंग फायरमैन श्री इंद्रजीत अनुरागी के नेतृत्व में फायरमैन राहुल गौतम ने आग लगने के कारण उसके पांच प्रकार तथा बचाव के तरीके प्रदर्शन करके बताए। छात्राओं ने इसे समझ कर स्वयं आग बुझा कर प्रदर्शन किया। लगभग 450 छात्राओं ने उत्साह से भाग लिया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ निर्मला यादव के मार्गदर्शन तथा रसायन विभाग की एसो0 प्रो0 कु0 रीता दीक्षित एंव डॉ0 निष्ठा शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी रा0से0यो0) के संयोजन एंव निरीक्षण में कार्यशाला सम्पन्न हुयी।

**–:मिशन शक्ति के अन्तर्गत:–**

माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बालिका एवं महिलाओं की सुरक्षा स्वावलम्बन एवं सम्मान हेतु चलाये गये विशेष जागरूकता अभियान के तीसरे चरण के अंतर्गत महाविद्यालय में अनेक कार्यक्रमो का आयोजन किया गया।

दिनांक 04 सितम्बर 2021 को महिलाओं एंव बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एंव स्वावलंबन हेतु महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव ने छात्राओं और अभिभावकों को सम्बोधित कर जागरूक किया तथा शपथ दिलाई। डॉ0 अमृता सिंह (असि0प्रो0 शारीरिक शिक्षा) के संयोजन में चालीस छात्राओं तथा तीन अभिभावकों ने शपथ ग्रहण की। सह–संयोजन डॉ0 फरहा तबस्सुम (रेंजर्स प्रभारी) डॉ0 निष्ठा शर्मा एंव डॉ0 संध्या द्विवेदी ने किया।

दिनांक 11 नवम्बर 2021 को महाविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा "भारत में महिलाओं की वर्तमान स्थिति" विषय पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें

31 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। संयोजन श्रीमती माया मधुर ने किया तथा निर्णायक की भूमिका में डॉ0 अमृता सिंह रहीं। दिनांक 12 नवम्बर 2021 को एक क्विज प्रतियोगिता का संयोजन श्रीमती अंकिता ठाकूर ने किया, जिसका विषय 'भारतीय राजनीति में महिलाओं की भूमिका' था। इस प्रतियोगिता में विभिन्न संकायों की 25 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक डॉ0 निष्ठा शर्मा (कार्यक्रम अधिकारी, रा.से.यो.)। इसी श्रंखला में 13 नवम्बर 2021 को एक वाद–विवाद प्रतियोगिता का आयोजन श्रीमती अंकिता ठाकुर द्वारा किया गया, जिसका विषय था– "नारी सशक्तिकरण हेतु संवैधानिक प्रावधान कारगर हैं या नहीं" इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय की 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक माया मधुर। मिशन शक्ति के अन्तर्गत राजनीति विज्ञान विभाग प्रभारी श्रीमती माया मधुर द्वारा एक निबन्ध प्रतियोगिता की गयी। 'महिलाओं का यौन शौषण कारण व निवारण' विषय पर महाविद्यालय की 30 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका अंकिता ठाकुर ने निभायी।

महाविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा दिनांक 18 नवम्बर 2021 को "जनसंचार के प्रति महिलाओं की जागरूकता" विषय पर एक सामूहिक चर्चा प्रतियोगिता के रूप में की गयी। संयोजिका समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेन्ट प्रोफेसर शबनम तथा सह–संयाजिका असिस्टेंट प्रोफेसर निशा रहीं। निर्णायक डॉ0 अंजू शर्मा एंव प्रिया सिंह।

दिनांक 20 नवम्बर 2021 को समाजशास्त्र विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर ऋचा सिंह के संयोजन में "घरेलू हिंसा: कारण और समाधान" विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता आयोजित की गयी। सह–संयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर प्रिया सिंह ने किया। प्रतियोगिता में 10 छात्राओं ने प्रतिभाग किया। निर्णायक की भूमिका का निर्वहन डॉ0 निष्ठा शर्मा ने किया।

दिनांक 26 नवम्बर 2021 को "समावेशी विकासात्मक नीतियां : भारतीय समाज में लैंगिक भेदभाव समापन के विशेष संदर्भो में " विषय पर क्विज प्रतियोगिता असि0प्रो0 प्रिया सिंह व ऋचा सिंह के क्रमशः संयोजन एंव सह–संयोजन में की गयी। प्रतियोगिता में कुल 22 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक रूप में अंकिता ठाकुर रहीं।

समाजशास्त्र विभाग द्वारा ही मिशन शक्ति के अन्तर्गत दिनांक 06 दिसम्बर 2021 को एक निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। विषय था– "महिला सशक्तिकरण के मार्ग में आने जाने वाली बाधायें"। इस प्रतियोगिता का संयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर चर्चा तथा सह–संयोजन असिस्टेंट प्रोफेसर निशा ने किया। निर्णायक की भूमिका ऐसो0प्रो0 कु0 रीता दीक्षित ने निभायी।

" मिशन शक्ति–ख्वातीन को बाइख्तियार ओर पुरवकार बनाने का जामिन है" – इस कौल की वजाहत कीजिये। (मिशन शक्ति महिलाओं की आत्म निर्भरता एंव सम्मान सुनिश्चित करता है– कथन की व्याख्या कीजिये)। उक्त विषय पर उर्दू विभाग द्वारा दिनांक 02 दिसम्बर

2021 को निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में 25 छात्राओं ने भाग लिया। निबन्ध प्रतियोगिता की संयोजिका डॉ0 फरहा तबस्सुम (ऐसो0प्रो0 उर्दू विभाग) तथा संह–संयोजिका डॉ0 जेबा फारूकी (असि0प्रो0 उर्दू विभाग) रहीं। निर्णायक मण्डल की भूमिका में महात्मा गाँधी बालिका इण्टर कालेज के उर्दू विभाग की शिक्षिका श्रीमती संजीदा खातून तथा डॉ0 जेबा फारूकी रहीं।

"लिटरेरि फीमेल हीरोज" विषय पर मिशन शक्ति के अन्तर्गत ही महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा दिनांक 04 दिसम्बर 2021 को निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। संयोजिका असि0प्रोफे0 कीर्ति वर्मा (अंग्रेजी विभाग) तथा निर्णायक की भूमिका में महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी एंव अंग्रेजी विभाग की एसो0प्रो0 डॉ0 रत्ना सक्सैना रहीं। संचालन डॉ0 ज्योति अग्रहरि ने किया।

महाविद्यालय के संगीत विभाग द्वारा मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत दिनांक 09 नवम्बर 2021 को शपथ कार्यक्रम किया गया। डॉ0 अंजू शर्मा (एसो0प्रो0 संगीत) ने 80 छात्राओं को शपथ दिलाई। डॉ0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय (ऐसो0प्रो0 संगीत, कोर्डिनेटर आई.क्यू.ए.सी.), डॉ0 निष्ठा शर्मा (असि0प्रो0 संगीत, कार्यक्रम अधिकारी रा.से.यो) तथा डॉ0 अमृता सिंह (असि0प्रो0 शारीरिक शिक्षा एंव संयोजक मिशन शक्ति) उपस्थित रहे।

संगीत विभाग द्वारा ही 'बेटी बचाओं–बेटी पढाओं' शीर्षक से दिनांक 16 दिसम्बर 2021 को एक कार्यक्रम किया गया। 03 छात्राओं ने मदर टेरेसा, सरोजनी नायडू आदि के व्यक्तित्व का वर्णन किया। 07 छात्राओं ने विषय पर कविता प्रस्तुत की। 05 छात्राओं ने "बेटी बचाओ–बेटी पढाओ" शीर्षक पर गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ0 निष्ठा शर्मा (असि0प्रो0 संगीत) तथा सह–संयोजन डॉ0 प्रियदर्शिनी उपाध्याय (ऐसो0प्रो0 संगीत) ने किया।

दिनांक 17 दिसम्बर 2021 को मिशन शक्ति की संयोजक एंव शारीरिक शिक्षा विभाग की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ0 अमृता सिंह ने मिशन शक्ति कार्यक्रम के अन्तर्गत योगा प्रदर्शन के साथ ही योगा अभ्यास प्रतियोगिता का आयोजन किया। इसमें कुल 25 छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

इस प्रकार मिशन शक्ति के तीसरे चरण के अर्न्तगत शपथ कार्यक्रमों द्वारा छात्राओं, अभिभावकों तथा अधिकांश महिला वर्ग को जागरूक करने का प्रयास किया गया। छात्राओं के सर्वागींण विकास हेतु विभिन्न विषयों की प्रतियोगिताओं एंव गतिविधियों का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव के कुशल नेतृत्व एंव निरीक्षण में सम्पन्न हुये। डॉ0 अमृता सिंह ने सभी कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर सफलतापूर्वक मिशन शक्ति के तीसरे चरण के कार्यक्रमों का संयोजन किया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना – एक दिवसीय शिविर

महात्मा गॉधी बालिका विद्यालय (पी0जी0) कालेज, फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों का प्रथम एक दिवसीय शिविर दिनांक 15 फरवरी 2022 को लगाया गया। ' मतदाता जागरूकता अभियान' विषय से सम्बन्धित इस शिविर में मुख्य अतिथि एंव वक्ता के रूप में श्रीमती कल्पना राजौरिया, ब्राण्ड एमबेसडर 'स्वीप' फिरोजाबाद थी। आपने मतदान से सम्बन्धित नियमों से अवगत कराया। छात्राओं ने भी मतदाता जागरूकता पर कविता एंव गीत की प्रस्तुति दी। विषय से सम्बन्धित पोस्टर बनाकर नारे लगाते हुये लगभग 130 छात्राओं ने रैली निकाली। गॉधी पार्क, फिरोजाबाद में दिव्यागों के साथ रैली शहर की ओर बढी। कार्यक्रम अधिकारी एंव मतदाता जागरूकता अभियान कोर्डिनेटर 'स्वीप' डॉ0 निष्ठा शर्मा तथा कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 संध्या द्विवेदी के निर्देशन में शिविर सम्पन्न हुआ।

दिनांक 06 मार्च 2022 को द्वितीय एक दिवसीय शिविर 'स्वच्छता अभियान' के उद्देशय से लगाया गया। सर्वव्यापी स्वच्छता पर ध्यान केंद्रित करने के लिये अर्थात घरों, स्वास्थय स्थानों एंव शैक्षणिक संस्थानों तथा कार्यस्थलों में स्वच्छता व स्वास्थय के दृष्टिगत शिविर लगाया गया। लगभग 145 छात्राओं ने सफाइ के साथ पॉलिथिन का बहिष्कार करने हेतु पोस्टर भी बनाये।

'पर्यावरण जागरूकता एंव जल संरक्षण' हेतु तृतीय–एक दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 13 मार्च 2022 को किया गया। छात्राओं ने विषय से संबधित कविता व विचार प्रस्तुत किये एवं पोस्टर बनाये। प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव के मार्गदर्शन में पर्यावरण जागरूकता के अंतर्गत हरित क्रान्ति हेतु स्वास्थय एंव शिक्षण में उपयोगी अनेक पौधों का रोपण किया गया। 125 स्वयंसेवी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपने उत्तरदायित्व को निभाया।

दिनांक 27 मार्च 2022 को अंतिम एक दिवसीय शिविर 'एक कदम आत्म निर्भरता की ओर' उद्देशय से लगाया गया। योजनाधिकारी डॉ0 निष्ठा शर्मा ने माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी, महात्मा गॉधी तथा रवीन्द्रनाथ टैगोर के विचारों को रखा तथा छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि इसका उद्देश्य अपने व्यवसाय में रचनात्मकता और कारीगरी से पूरा परिवार सहयोग करें तो आर्थिक रूप से सशक्त हो पायेगें। 95 छात्राओं ने शिविर में भाग लिया। इस प्रकार सभी एक दिवसीय शिविर कुशलतापूर्वक कार्यो में संलग्न होकर स्वयंसेवकों ने सम्पन्न किये।

# *राष्ट्रीय सेवा योजना – विशेष शिविर*

## *26 फरवरी 2022 से 04 मार्च 2022*

राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाइयों द्वारा विशेष शिविर सात दिवसीय शिविर का आयोजन दिनांक 26 फरवरी 2022 से 4 मार्च 2022 तक किया गया। डॉ निष्ठा शर्मा योजना अधिकारी प्रथम इकाई तथा डॉ संध्या द्विवेदी योजना अधिकारी द्वितीय इकाई के निर्देशन में प्राथमिक विद्यालय बैंदी ग्राम में शिविर का शुभारंभ हुआ। उद्घाटन सत्र में छात्रों द्वारा एनएसएस लक्ष्य गीत गाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य से अवगत कराया गया। विद्यालय की अध्यापिकाओं शबनम जी तथा श्रीमती अमिता शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना का संदेश दिया। स्वयंसेबक छात्राओं द्वारा कोविड–19 जागरूकता हेतु गॉव में रैली निकाली तथा नुक्कड नाटक के प्रदर्शन द्वारा कोरोना से बचने के उपायों को बताया गया।

विशेष शिविर का दूसरा दिन 27 ~~मार्च~~ फरवरी 2022 को वित्तीय शिक्षण जागरूकता विषय पर आयोजित किया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में श्री अनूप चंद्र जैन एडवोकेट मुख्य वक्ता पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर श्री शैलेश जी ने संबंधित विषय पर छात्राओं को संबोधित किया, तथा पूछे गए प्रश्नों के जवाब देकर उपयुक्त जानकारी प्रदान की। दूरदर्शन व आकाशवाणी से संबद्ध एडवोकेट लियाकत अली जी तथा नेहरू युवा केंद्र के मोहम्मद जुबेर ने भी में महत्वपूर्ण जानकारी दी।

विशेष शिविर के अंतर्गत तीसरे दिन दिनांक 28 फरवरी 2022 को ग्राम बैंदी में 'पुस्तक मेला ' लगाकर स्वयंसेवकों द्वारा शिक्षा के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। पुस्तक मेले का उद्घाटन ए0डी0ओ0 पंचायत, फिरोजाबाद श्री राकेश बाबू तथा ए0डी0ओ0 (आई.इस.बी. आइ.) श्री जितेंद्र कुमार यादव द्वारा किया गया। ग्राम वासियों को कोविड हेल्पडेस्क के चेकअप के पश्चात प्रवेश दिया गया। पुस्तक मेले में स्टेशनरी, कापी, नर्सरी से स्नातक स्तर की पुस्तकें तथा अन्य पुस्तकें आदि न्यूनतम मूल्य पर ग्राम वासियों को दी गई। सभी स्वयंसेवकों ने लगन से पुस्तक मेले में प्रतिभागिता की।

'बालिकाओं एंव महिलाओं के स्वास्थय' हेतु दिनांक 1 मार्च 2022 को चौथे दिन शिविर लगाया गया कार्यक्रम अधिकारी डॉ संध्या द्विवेदी तथा डॉ निष्ठा शर्मा ने पौष्टिक एवं नियमित भोजन तथा योगासन इत्यादि के बारे में छात्राओं को जानकारी दी।

विशेष शिविर के अंतर्गत पांचवें दिन दिनांक 2 मार्च 2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाईयों द्वारा ''बापू बाजार'' का आयोजन किया गया। अतिथि जनों में महाविद्यालय के सचिव श्री अनिल उपाध्याय, श्री अनूप चंद जैन एडवोकेट, श्री नीरज कुमार सिन्हा

(डीपीआरओ), राकेश बाबू (ए0डी0ओ0) जिला युवा अधिकारी मनीष चंद्र चौधरी, गांव के पूर्व प्रधान श्री पवन शर्मा तथा वर्तमान प्रधान सुश्री वंशिका शर्मा रहे। बापू बाजार का मूल उद्देशय गांव वालों के सहायतार्थ किया गया। इनके स्वाबलंबन तथा स्वाभिमान को ठेस ना पहुंचे, अतः न्यूनतम मूल्य पर विक्रय किया गया। बापू बाजार का आयोजन श्री डीएन शर्मा (मंडल सचिव), श्री अनिल उपाध्याय (महाविद्यालय सचिव) के संरक्षण तथा प्राचार्या डॉ0 निर्मला यादव के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

दिनांक 3 मार्च 2022 को विशेष शिविर के अंतर्गत छठवें दिन बालिकाओं एवं महिलाओं के मानसिक स्वास्थ्य एवं "मुस्कुराएगा इंडिया" शीर्षक से शिविर लगाया गया। डॉ0 संध्या द्विवेदी ने इस विषय से संबंधित जानकारी दी तथा समस्याओं के निदान पाने के बारे में समझाया।

राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के समापन दिवस दिनांक 4 मार्च 2022 को 'महिलाओं के स्वास्थय' को ध्यान में रखकर शिविर लगाया गया। गांव की महिलाओं को संबंधित सामान प्रदान किया गया समापन दिवस में अतिथि के रूप में गांव की प्रधान सुश्री वंशिका शर्मा प्राथमिक विद्यालय की शिक्षकाएँ शबनम जी तथा अमिता शर्मा जी तथा सहायक पंचायत रश्मि शर्मा उपस्थित रहीं। पुस्तक मेले और बापू बाजार द्वारा प्राप्त धनराशि से प्राथमिक विद्यालय की आवश्यकता के अनुरूप म्यूजिक सिस्टम तथा दीवार की दो घड़िया प्रदान की गई। इस प्रकार महात्मा गांधी बालिका विद्यालय पीजी कॉलेज फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों प्रथम एवं द्वितीय द्वारा 2021–22 में की गई सामाजिक जागरूकता हेतु गतिविधियां एक दिवसीय शिविर, विशेष शिविर तथा अन्य सभी कार्यक्रमों को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। सभी स्वयंसेवी छात्राओं ने रुचि व उत्साह से कुशलता पूर्वक अपने उत्तरदायित्व को निभाया।

(डॉ0 निर्मला यादव)
प्राचार्या

Principal
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

(डॉ0 निष्ठा शर्मा)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
प्रथम इकाई

NSS OFFICER
UNIT Ist
MGBV (P.G.) COLLEGE
FIROZABAD

संध्या द्विवेदी
(डॉ0 संध्या द्विवेदी)
राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी
द्वितीय इकाई

NSS Officer
IInd Unit
M.G.B.V. (P.G.) College
Firozabad

राष्ट्रीय मतदाता जागरूकता

हिन्दुस्तान | 04
आगरा • बुधवार • 16 फरवरी 2022 •

# हल्दी वाले चावल के साथ बेटियों ने दिया मतदान का आमंत्रण



मंगलवार को हल्दी वाले चावल भेंटकर 20 फरवरी को वोट डालने का आह्वान करते हुए एमजी कॉलेज की एनएसएस छात्रा। • हिन्दुस्तान

सोशल सियासत

## जागरूक

- एमजी कॉलेज की छात्राओं की अनोखी मुहिम, मुहल्लों में कर रहीं जागरूक
- एनएसएस अधिकारी के निर्देशन में नए-नए तरीके से हो रही है अपील

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

अम्मा... यह लो हल्दी वाले चावल। बुजुर्ग महिला ने कौतूहल के साथ चावल लेते हुए पूछा किस बात के लिए। अम्मा बड़ा पर्व आ रहा है लोकतंत्र का। 20 को मतदान है। आप वोट डालने के लिए अपने बूथ पर अवश्य जाएं। इसका ही यह निमंत्रण है। हम घर-घर जाकर लोगों को चावल दे रहे हैं, ताकि वो अपने मतदान केंद्र पर वोट डालने के लिए अवश्य जाएं।

डीएम सूर्यपाल गंगवार के निर्देशन में मतदान परसेंट को बढ़ाने की मुहिम छिड़ी हुई है। इसके लिए कई तरह से प्रयास हो रहे हैं। मंगलवार को एमजी कॉलेज में छात्राओं ने स्वनिर्मित स्लोगन की पट्टिकाएं बनाईं। इसके बाद में रैली निकाली।

राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी संध्या द्विवेदी ने छात्राओं के साथ बैठकर तय किया कि जिस तरह घर में कोई भी शुभ कार्य होता है तो पीले चावल भेज कर आमंत्रण भेजा जाता है। इसी तरह से हर छात्रा अपने-अपने क्षेत्र में मतदाताओं को वोट के लिए चावल के साथ आमंत्रण दें। कॉलेज के बाद में छात्राएं घर घर पहुंचीं तथा उन्होंने घर के निकट लोगों को जागरूक किया। निधि राठौर ने प्रेम नगर डाक बंगला फिरोजाबाद में कई लोगों के घर-घर जा उन्हें चावल भेंट किए। बरकतपुर गांव में ज्योति ने लोगों को जागरूक किया। सुहाग नगर में निकिता श्रीवास्तव एवं करिश्मा ने दुर्गा मंदिर वाली गली आसफाबाद में मतदाताओं को जागरूक किया। गुलशिफा ने प्रेम नगर में लोगों को जागरूक किया। ड्रीम गोला ने रसूलपुर फिरोजाबाद में मतदाताओं को जागरूक किया।

> जिस तरह शादी ब्याह के उत्सव में हल्दी वाले चावल के साथ में आमंत्रण दिए जाने की परंपरा है। ऐसे में लोकतंत्र का यह सबसे बड़ा पर्व है। इसके लिए हमने इस तरह से लोगों को जागरूक करने की योजना बनाई है।
>
> डॉ. संध्या द्विवेदी

(डॉ॰ निवेदिता शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)

दैनिक जागरण
14 फरवरी 2022 पर्यावरण एवं जल संरक्षण

# पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी मानव जीवन के लिए खतरा : डॉ. निष्ठा

एमजी पीजी कालेज में छात्राओं ने किए पौधारोपित | पर्यावरण संरक्षण पर जोर देते हुए बताया महत्व



एमजी कालेज में एनएसएस शिविर में सेवा कार्य करती छात्राएं • जागरण

संवाद सहयोगी, फिरोजाबाद: रविवार को एमजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की छात्राओं ने पर्यावरण संरक्षण विषय पर शिविर का आयोजन किया गया। इसमें छात्राओं ने पौधारोपण करते हुए उनका महत्व बताया।

कार्यक्रम अधिकारी डा. निष्ठा शर्मा और डा. संध्या द्विवेदी ने शुभारंभ किया। छात्रा कंचन, वर्षा, मुस्कान, अंजली ने पौधों का श्लोक गायन किया। इसके बाद छात्राओं ने सभी क्यारी और गमलों की सफाई कर गमलों को गेरू रंग से रंगा। इसी क्रम में परिसर को समतल कर एक दर्जन से अधिक पौधे रोपित किए। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि आर्थिक लाभ के लिए पर्यावरण संरक्षण की अनदेखी हमारे जीवन के लिए खतरा बन सकती है। हम पानी की बोतल साथ लेकर चलते हैं, अगर हालात ऐसे ही रहे तो आक्सीजन सिलिंडर अपनी पीठ पर लेकर चलना पड़ेगा।

छात्रा रेनू ने कहा कि जीवन जीने के लिए आक्सीजन की जरूरत होती है और इसकी पूर्ति पौधे करते हैं। इसलिए हम सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। कार्यक्रम में ऋतु, यशिका, आयुषी, रामवीर, नत्थीराम उपस्थित रहे।

**छात्राओं का किया स्वास्थ्य परीक्षण:** सिरसागंज के राजकीय महिला स्नातकोत्तर कालेज की एनएसएस इकाई का गांव सराय लुकमान में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके चौथे दिन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अरांव से आई स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. वंदना पालीवाल ने सभी छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर में प्राचार्य डा. आरपी शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डा. राधेश्याम सिंह, डा. सोनल भार्गव, डा. कांति शर्मा उपस्थित रहीं।

## ...ए छात्रों ने चलाया जागरूकता अभियान, ग्रामीणों को प्रेरित किया

...लय की एनएसएस ... एक दिवसीय नशा ... अभियान चलाया। ... के लिए नशे को दूर ...

शिविर का शुभारंभ करते हुए कालेज प्रबंधक डा. वीपी सिंह ने कहा कि नशा बीमारी का घर है। बीमारियों से बचने और स्वस्थ रहने के लिए नशे से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सुभाष चंद्र ने कहा कि नशा करने वाले व्यक्ति के घर में कभी सुख नहीं हो सकता है। घर में खुशहाली लाने के लिए गुटखा, बीड़ी, शराब, चरस, गांजा आदि नशीले पदार्थों का सेवन नहीं करना चाहिए। डा. [illegible] जागरूक किया।

(डा० निष्ठा शर्मा)

(डॉ. संध्या द्विवेदी)

2 दैनिक जागरण आगरा, 28 फरवरी, 2022

वित्तीय शिक्षण जागरूकता

# एनएसएस की छात्राएं जगा रही जागरूकता की अलख



छात्रा को प्रमाण पत्र देते अनूप चंद जैन एडवोकेट, साथ में हैं डा. संध्या द्विवेदी • जागरण

संवाद सहयोगी, फिरोजाबाद: रविवार को एमजी पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) की दोनों इकाई द्वारा वित्तीय शिक्षण जागरूकता विषय पर शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पंजाब नेशनल बैंक मैनेजर शैलेश ने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए कहा कि छात्राओं के लिए विद्या लक्ष्मी लोन योजना संचालित है। यह लोन तीन वर्ष के लिए एवं विद्यार्जन की समयानुसार मिलता है। विशिष्ट अतिथि अनूप चंद जैन एडवोकेट ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी छात्राएं निरंतर लोगों के साथ जुड़कर जागरूकता की अलख जगा रही हैं। लियाकत अली एडवोकेट ने कहा कि सभी छात्राएं कड़ी मेहनत कर अपने सपनों को साकार कर माता-पिता का नाम रोशन करें। कार्यक्रम में योजना अधिकारी डा. संध्या द्विवेदी, डा. निष्ठा शर्मा व एनएसएस की छात्राएं उपस्थित रहीं।

## एनएसएस के छात्रों ने महिलाओं को बताया शिक्षा का महत्व

संस, शिकोहाबाद: पालीवाल कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा गांव अतुआ में सात दिवसीय शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके छठवें दिन रविवार को एनएसएस के छात्रों ने महिलाओं को शिक्षा का महत्व बताते हुए हस्ताक्षर करना सिखाया। इस दौरान एनएसएस के छात्रों ने कुछ ऐसी महिलाएं देखी जो निरक्षर होने के कारण हस्ताक्षर नहीं कर पाती है। ऐसे में छात्रों ने घर-घर जाकर महिलाओं को शिक्षा का महत्व बताया। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं शिक्षित होंगी तो वह अपने बच्चों को भी पढ़ा सकती हैं। इसके साथ ही वह अपने बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजें। डा. एमपी सिंह ने छात्रों की सराहना की। इस दौरान रमाकांत, तेजस, सर्वजीत, लखवेंद्र, सुखदेव, पुष्पेंद्र, अंकित, दिव्या, ज्योति, दिशाक्षा, राखी, दीक्षा सक्सेना, नंदिनी मिश्रा, स्वाति यादव, श्वेता, प्रियंका सिंह, दीक्षा सक्सेना के अलावा राम सिंह, रक्षपाल उपस्थित रहे।



शिविर के दौरान घर-घर जाकर महिलाओं को हस्ताक्षर करना सिखाती हुई छात्रा • जागरण

(डा. निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)

वित्तीय शिक्षण जागरूकता

अमर उजाला फिरोजाबाद

amarujala.com

आगरा | सोमवार, 28 फरवरी 2022



# युवा ही देश का भविष्य, करें समस्याओं के प्रति पहल

संवाद न्यूज एजेंसी

**महात्मा गांधी कॉलेज में हुआ वित्तीय शिक्षण जागरूकता शिविर**

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका विद्यालय कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा वित्तीय शिक्षण जागरूकता विषय पर दूसरे दिन शिविर का आयोजन किया गया। विशिष्ट अतिथि अनूप चंद्र जैन एडवोकेट ने कहा की राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी छात्राएं निरंतर समाज के साथ जुड़कर कार्य कर रही हैं। मतदाता जागरूकता, पर्यावरण और स्वच्छता के क्षेत्र में बड़ा काम किया है। गांव बेंदी में भी सेवा कार्य से जुड़ी है। पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर शैलेश कुमार ने कहा कि छात्राओं के लिए विद्या लक्ष्मी ऋण योजना है। यह ऋण तीन वर्ष के लिए या विद्यार्जन की समयानुसार मिलता है। जब आप अपने व्यवसाय को प्राप्त कर लेते हैं, तब उसे चुकाना होता है। इसके अतिरिक्त छात्राओं द्वारा पूछे गए अन्य प्रश्नों के जवाब देकर उपयुक्त जानकारी प्रदान की। नेहरू युवा केंद्र से आए मोहम्मद जुबेर ने कहा कि युवा ही देश का भविष्य है। हर समस्या के प्रति युवाओं को पहल करनी होगी। तभी समाज और देश विकास की ओर प्रगति करेगा। इस दौरान डॉ. निष्ठा शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या द्विवेदी उपस्थित रहे।



महात्मा गांधी बालिका कॉलेज में छात्राओं को सम्मानित करते अतिथि। संवाद

(डॉ० निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)

हिन्दुस्तान आगरा • सोमवार • 28 फरवरी 2022 • 06

वित्तीय शिक्षण जागरूकता

महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय में सम्पन्न हुई गोष्ठी, योजनाओं की दी जानकारी, विद्या लक्ष्मी योजना से लोन लेकर पढ़ने का सपना करें साकार

# एनएसएस छात्राएं कर रहीं सेवा जागरूकता के कार्य

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

महात्मा गांधी बालिका महाविद्यालय कॉलेज फिरोज़ाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाइयों द्वारा वित्तीय शिक्षण जागरूकता विषय पर दूसरे दिन शिविर का आयोजन किया।

शिविर में विशिष्ट अतिथि अनूप चंद्र जैन एडवोकेट ने कहा राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी छात्राएं निरंतर समाज के साथ जुड़कर कार्य कर रही है। मतदाता जागरूकता के साथ पर्यावरण और स्वच्छता आदि में सहयोग कर रही है। मुख्य विषय संबोधन करते हुए पंजाब नेशनल बैंक के मैनेजर मुख्य वक्ता शैलेश ने कहा कि छात्राओं के लिए विद्या लक्ष्मी लोन योजना है यह लोन 3 वर्ष के लिए या विद्यार्जन की समयानुसार मिलता है। जब आप अपने व्यवसाय या प्रोफेशन को प्राप्त कर लेते हैं तब उसे चुकाना होता है।

छात्राओं ने भी सवाल पूछ कर जिज्ञासाओं का समाधान किया। द्वारा पूछे गए अन्य प्रश्नों के जवाब देकर उपयुक्त जानकारी प्रदान की। अधिवक्ता लियाकत अली ने एक कहानी के जरिए सन्मार्ग पर चलते हुए माता-पिता के सपनों को साकार करने का संदेश दिया। नेहरू युवा केंद्र से आए मोहम्मद जुबेर जी ने कहा युवा ही देश का भविष्य है। योजना अधिकारी डॉ. निष्ठा शर्मा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. संध्या द्विवेदी ने भी विचार व्यक्त किए।



गांव नगला सिकन्दर में सफाई करते एनएसएस के स्वयंसेवक। • हिन्दुस्तान

## एनएसएस छात्र-छात्राओं ने चलाया सफाई अभियान

टूंडला। रामसिंह महाविद्यालय नगला सिकंदर के ग्राम मोहम्मदी में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम के दूसरे दिन स्वयंसेवक सेविकाओं ने ग्राम के परिक्रमा मार्ग पर सफाई अभियान चलाया। एनएसएस छात्र-छात्राओं ने ग्रामीण महिलाओं को उनकी क्षमता तथा समाज में उनके महत्व का परिचय करवाया तथा समाज के उनके योगदान के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम अध्यक्ष डीडी सिंह ने विद्यार्थियों को सरकार द्वारा महिलाओं के लिए संचालित की जाने वाली योजनाओं की जानकारी दी। मुख्य अतिथि भारतीय किसान यूनियन भानु के टूंडला तहसील अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम अधिकारी प्रोफेसर सुभाष चंद्र के निर्देश में स्वयंसेवक सेविकाओं ने महिला सशक्तिकरण विषय पर ग्रामीण महिलाओं को जागरूक किया। कार्यक्रम संचालन प्रोफेसर गौरव ठाकुर ने किया। नेत्रपाल सिंह, राजेंद्र सिंह, मंजू सिंह, पूजा सिंह, संदीप, ओझा आदि मौजूद रहे।

(डॉ. निष्ठा शर्मा)

(डॉ. संध्या द्विवेदी)

अमर उजाला फिरोजाबाद
amarujala.com
आगरा | मंगलवार, 1 मार्च 2022
4

पुस्तक मेला

# एनएसएस की छात्राओं ने लगाया पुस्तक मेला

संवाद न्यूज एजेंसी



प्राथमिक विद्यालय बैंदी में छात्राओं द्वारा लगाया गया पुस्तक मेला। संवाद

फिरोजाबाद। महात्मा गांधी बालिका विद्यालय (पीजी) कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने ग्राम बैंदी में पुस्तक मेले का आयोजन किया।

मेला का शुभारंभ एडीओ (पंचायत) राकेश बाबू व एडीओ (आई) जितेंद्र कुमार यादव द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन कर किया गया। इसमें नर्सरी कक्षा से स्नातक स्तर की पुस्तकें, प्रेरणात्मक कहानियां, भक्ति तथा सामान्य ज्ञान इत्यादि की पुस्तकें, नोटबुक, कॉपी, स्टेशनरी की बिक्री की गई। लगभग 10 स्टाल पर तीन से दस रुपए तक का सामान बेचा गया। ग्रामवासियों का कोविड-19 हेल्प डेस्क पर चेकअप किया गया। संयोजिका डॉक्टर संध्या द्विवेदी व सह संयोजिका डॉ निष्ठा शर्मा ने बताया कि पुस्तक मेले का आयोजन सफल रहा। प्राप्त धनराशि 2263 रुपये को प्राथमिक विद्यालय ग्राम बैंदी को दिया जाएगा।

(डॉ॰ निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ॰ संध्या द्विवेदी)

हिन्दुस्तान आगरा • मंगलवार • 01 मार्च 2022 • 06

पुस्तक मेला

एमजी की एनएसएस छात्राओं ने गोद लिए गांव बैंदी में लगाया पुस्तक मेला

# एक रुपये में मिला पेन, 250 की किताब दस में

फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद

बैंदी की एक छात्रा कई दिन से बीएड की किताब खरीदने के लिए सोच रही थी। सोमवार को बैंदी के परिषदीय स्कूलों में जब पुस्तक मेले में इसने मात्र दस रुपये में यह किताब देखी तो झट से खरीद ली। किसी ने यहां पर कहानियों की किताब खरीदी तो किसी ने सामान्य ज्ञान की किताब खरीदी, ताकि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर सकें। पांच रुपये का स्केल दो रुपये में मिला तो बच्चे भी खरीदने पहुंच गए।

एमजी बालिका महाविद्यालय की एनएसएस छात्राओं ने बैंदी गांव को गोद लिया है। ऐसे में गांव की जरूरतों को पूरा करने के लिए छात्राएं इस तरह के आयोजन करती हैं। शिविर के तीसरे दिन एमजी कॉलेज की छात्राओं ने पुस्तक मेला लगाया। छात्राएं अपने घर से किताबें लेकर आई थी, जिनमें पुरानी किताबें भी थी। इसके साथ में बाजार से छात्राओं ने नए पैन भी खरीदे थे।



सोमवार को बैंदी में पुस्तक मेले में स्टॉल पर खरीदारी को लगी हुई छात्राओं की भीड़। • हिन्दुस्तान

मेले का शुभारंभ एडीओ पंचायत राकेश बाबू एवं एडीओ आईएसबी जितेंद्र कुमार ने किया। मेले में नर्सरी से स्नातक की किताबें थी तो प्रेरणात्मक कहानियों के साथ भक्ति एवं सामान्य ज्ञान की किताबें भी थी। यहां पर दस स्टॉल लगाए गए। पुस्तक मेले में नोटबुक, कॉपी, स्टेशनरी, पैंसिल, पैन, रबड़ एवं शार्पनर को भी काफी कम कीमत पर ग्रामीणों को दिया। तीन से दस रुपये का सामान बेचा। मेले को लेकर ग्रामीण बच्चों में खासा उत्साह था। छात्र छात्राओं ने यहां से पुस्तकें खरीदी। संयोजिका योजनाधिकारी डॉ. संध्या द्विवेदी एवं सह संयोजिका डॉ. निष्ठा शर्मा के निर्देशन में पुस्तक मेले में अल्तशिफा, आकांक्षा, मुस्कान बघेल, मुक्ता श्रीवास्तव, तनीशा शर्मा, अदीबा, सफिया, इकरा मुस्कान, खुशी जैन, अनम आदि उपस्थित थे।

## 2263 रुपये एकत्रित स्कूल को दिए दान

पुस्तक मेले में बिक्री के 2263 रुपये एकत्रित हुए। इस धनराशि को छात्र छात्राओं ने तत्काल स्कूल को दान कर दिया, ताकि स्कूल में विकास कार्य हो सकें।

## यह थी किताबे

प्रेरक कहानियां।
सामान्य ज्ञान।
नर्सरी से स्नातक कक्षाओं की।

“ हमारी मंशा शिक्षा के विस्तार की है। हम सामान मुफ्त भी दे सकते हैं, लेकिन कई बार ग्रामीण स्वाभिमान की मुफ्त में सामान नहीं ले पाते हैं। हमने इसलिए इनकी कीमत एक रुपये से दस रुपये रखी जाती है, ताकि ग्रामीण स्वाभिमान के साथ इसे ले सकें।

डॉ. संध्या द्विवेदी
संयोजक एवं कार्यक्रम अधिकारी

(डॉ० निष्ठा शर्मा)

(डॉ. संध्या द्विवेदी)

05 • आगरा • बुधवार • 02 मार्च 2022 • **हिन्दुस्तान**

बापू बाजार

# बापू बाजार में एनएसएस छात्राएं बेचेंगी ग्रामीणों को सस्ते कपड़े

**फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद**

बुधवार को येंदी में बापू बाजार में अलग ही नजारा दिखाई देगा। छात्राएं यहां पर दुकानें सजाएंगी। कपड़ों की रियायती दरों पर बिक्री करेंगी तो यहां पर ग्रामीणों की भीड़ उमड़ेगी। एनएसएस द्वारा स्कूल में लगाए जा रहे शिविर के तहत हर वर्ष यह आयोजन किया जाता है।

महाशिवरात्रि पर अवकाश के दिन भी छात्राएं बापू बाजार की तैयारियों में जुटी रहीं। अपने स्तर पर छात्राओं द्वारा जुटाए गए कपड़ों को एमजी कॉलेज में राजमाधिकारी डॉ.संध्या द्विवेदी के निर्देशन में पैकिंग चलती रही। छात्राओं ने कपड़ों को नई पॉलीथिन में पैक किया। इसके साथ में इन पर रेट लिस्ट भी लगाई गई।

येंदी स्कूल को एनएसएस छात्राओं द्वारा गोद लिया हुआ है। यहां पर इस तरह की गतिविधियों से वह शिक्षा एवं रहन का स्तर बदलने का प्रयास कर रही हैं। इसके लिए ही पिछले साल से यहां पर बापू बाजार की शुरूआत की गई थी, ताकि गांव के गरीब परिवारों के बच्चे भी मॉडर्न एवं अच्छे कपड़े पहन सकें।

**एक से दस रुपये होगी कीमत** : इन कपड़ों की कीमत मात्र एक से दस रुपये तक रहेगी। यह कीमत भी इसलिए रखी गई है ताकि लोगों को यह न लगे कि कोई उन्हें मुफ्त में बांट रहा है। बल्कि लोग अपने स्तर से जो भी जरूरत का सामान हो, वही खरीदें।

**स्टॉल पर यह मिलेंगे कपड़े** : सूट, साड़ी, बच्चों के कपड़े, लड़कों के कपड़े, लहंगा, शॉर्ट्स, कुर्ते।



महाशिवरात्रि के पर्व पर छुट्टी के दिन भी एमजी कॉलेज में बापू बाजार के लिए कपड़ों की पैकिंग करते हुए छात्राएं।

(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)

बापू बाजार

दैनिक जागरण 13
आगरा, 3 मार्च, 2022

# बापू बाजार में एक रुपये में बिके कपड़े

संवाद सहयोगी, फिरोजाबाद: बुधवार को एसजी पीजी कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने गांव बैंदी में बापू बाजार लगाया। जिसमें जरूरतमंद बच्चों, महिलाओं और पुरुषों ने एक रुपये से लेकर 25 रुपये तक साड़ी, पेंट-शर्ट और ऊनी कपड़े खरीदे। बिक्री से आई धनराशि को स्कूल के विकास में लगाया जाएगा।

सुबह दस बजे कालेज सचिव अनिल उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप चंद्र जैन, डीपीआरओ नीरज कुमार सिन्हा और कार्यक्रम आयोजक डा. संध्या द्विवेदी ने संयुक्त रूप से बापू बाजार का शुभारंभ किया। इस दौरान कार्यक्रम संयोजिका ने कहा कि यह सभी कपड़े एनएसएस की छात्राएं अपने-अपने घरों से लाई है। इनकी बिक्री से आने वाली धनराशि को इसी गांव के प्राथमिक स्कूल की सुविधाओं पर खर्च की जाएगी। निकिता श्रीवास्तव ने महात्मा गांधी और शिवानी ने भारत माता का स्वरूप धारण कर सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।



बापू बाजार में कपड़े देखती महिलाएं • जागरण

बापू बाजार में 11 स्टाल लगाई गईं। जिन पर बच्चों के कपड़े, साड़ियां, कुर्ती, सलवार सूट, पुरुषों के लिए पेंट शर्ट, ऊनी कपड़े उपलब्ध थे। मेला के मुख्य गेट पर महिलाओं, पुरुषों और बच्चों के हाथ सैनिटाइज कराने के बाद ही अंदर प्रवेश दिया गया। उन्होंने एक रुपये से लेकर 25 रुपये में कपड़ों की खरीदारी की। इस दौरान कार्यक्रम सह संयोजिका डा. निष्ठा शर्मा, राकेश बाबू, मनीष चौधरी, पवन शर्मा, लियाकत अली, असलम भोला, कंचन, काजल गर्ग, रिया शर्मा, प्रीति, आकांक्षा, शिवांगी, मुस्कान, संजना, प्रज्ञा शर्मा, खुशी यादव, इकरा, खुशी जैन उपस्थित रहीं।

(डॉ० निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)

बापू बाजार



# बापू बाजार में उमड़ी भीड़, 20 में मिली साड़ी, 10 रुपये में टॉप

फिरोजाबाद| हिन्दुस्तान संवाद

वेंदी गांव का नजारा जुदा था। स्कूल परिसर में एक तरफ साड़ियों का स्टॉल थी तो एक तरफ बच्चों के कपड़ों की। कहीं पर 20 रुपये में साड़ी की आवाज छात्राएं लगा रही थी तो कहीं पर दस रुपये में टॉप का शोर। महिलाएं एवं युवतियां भी इन स्टॉल पर अपने एवं बच्चों के लिए नए नए वस्त्र छांट रही थी।

एमजी कॉलेज की एनएसएस छात्राओं द्वारा इस गांव को गोद लिया है। गांव में हर परिवार तक जरूरी सामान की पहुंच हो, इसके लिए इस तरह का बाजार लगाया था। ये सामान लाने वाली छात्राएं थीं तो बिक्री करने वाली भी वो ही। बस अंतर इतना था कि इससे होने वाली आय वेंदी के स्कूल के विकास के लिए ही समर्पित की जानी थी। योजनाधिकारी डॉ.संध्या द्विवेदी के निर्देशन में लगने वाले इस बापू बाजार में कुल 11 स्टॉल्स लगाए गए।

ऊनी कपड़े के साथ में अन्य काफी सामग्री भी वहां पर थी। 10 से 25 रुपये में सामान बेचा। स्टॉल की व्यवस्था कंचन, काजल गर्ग, रिया शर्मा, प्रीति, आकांक्षा, शिवांशी, मुस्कान, संजना, प्रज्ञा शर्मा, खुशी यादव, ट्विंम गोला ने संभाली। सह संयोजिका निष्ठा शर्मा रहीं। कलश, इकरा, नीला व खुशी ने बाजार सजाने में योगदान किया।



बुधवार को एमजी कॉलेज द्वारा लगाए गए बापू बाजार में महिलाओं को साड़ी दिखाते हुए छात्राएं। कॉलेज में लगे बाजार में जमकर खरीदारी की गई। • हिन्दुस्तान



बुधवार को बापू बाजार में चरखे के साथ बापू के वेश में बैठी छात्रा भी आकर्षण का केंद्र रही। उसे देखने के लिए कॉलेज छात्राओं की भीड़ लगी रही। • हिन्दुस्तान

## अधिवक्ता एवं समाजसेवी बढ़ाने पहुंचे उत्साह

बापू बाजार लगाने वाली छात्राओं का हौसला बढ़ाने प्रमुख उद्योगपति एवं समाजसेवी भी पहुंचे। कॉलेज सचिव अनिल उपाध्याय, वरिष्ठ अधिवक्ता अनूप चंद जैन, एडीओ राकेश बाबू एवं मनीष चौधरी के साथ पूर्व प्रधान पवन शर्मा, लियाकत अली एवं असलम भोला ने किया।

## डीपीआरओ हुए खासे प्रभावित

छात्राओं के बापू बाजार को देख कर डीपीआरओ नीरज कुमार सिन्हा खासे प्रभावित हुए। उन्होंने प्रमुख छात्राओं को बुलाकर 1500 रुपये सहयोग स्वरूप देते हुए कहा कि ऐसे बाजार अन्य गांवों में लगने चाहिए। अनिल उपाध्याय ने कहा कि अगले वर्ष योजनानुसार भव्य बाजार लगाया जाएगा।

## बापू का चरखा एवं बंदर रहे आकर्षण का केंद्र

यहां बापू बाजार में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का चरखा आकर्षण का केंद्र रहा। निकिता श्रीवास्तव ने गांधी का वेश रखा। शिवानी ने भारत माता बन मंत्रमुग्ध कर दिया। गांधी के तीन बंदर भी आकर्षण का केंद्र रहे।

(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)

मुस्कुराएगा इण्डिया

हिन्दुस्तान
आगरा • शुक्रवार • 04 मार्च 2022



गुरुवार को एमजी बालिका महाविद्यालय में अपने मन की बात और समस्याओं को पर्ची में लिखकर बॉक्स में डालती छात्राएं। • हिन्दुस्तान

# पर्चियों पर लिख दी उलझन बॉक्स से निकला समाधान

**केस 1**

एक लड़का अक्सर मेरा पीछा करता है। रास्ते में लड़के घूर कर देखते हैं। काफी बुरा लगता है, लेकिन घर पर बता नहीं सकती हूं। ऐसे में क्या करना चाहिए।

**केस 2**

घर पर संकट आया है। इस वक्त पापा पैसे की व्यवस्था में लगे हुए हैं, उन्हें उदास देख कर मन दुखी होता है। ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए।

**फिरोजाबाद | हिन्दुस्तान संवाद**

कुछ कर गुजरने की तमन्ना रखने वाली बेटियां अपने दिलों में कितने दर्द दबाए बैठी थी। कोई परिवार पर संकट आने में धन की व्यवस्था में जुटे पापा को उदास देख दुखी थी तो किसी के दिल में अभी तक बगैर बात शिक्षकों से मिली फटकार की हीन भावना थी। अलग-अलग समस्या थी तो दर्द भी जुदा-जुदा। मुस्कुराएगा इंडिया... कार्यक्रम के तहत एमजी में जब छात्राओं को पर्ची में अपनी परेशानी लिखकर डालने का मौका मिला तो काउंसलर ने निदान भी सुझाया।

एमजी बालिका महाविद्यालय में मुस्कुराएगा इंडिया के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कई बार छात्राएं मन की बात कह नहीं पाती हैं किसी को लगता है सामने वाला परिवार के बारे में क्या सोचेगा। इस बात को काउंसलर डॉ. संध्या द्विवेदी ने भी समझा। उन्होंने छात्राओं से कहा कि अपनी परेशानी को पर्ची पर लिख कर बॉक्स में डालें। कुछ ही देर में बॉक्स पर्चियों से भर गया। डॉ. द्विवेदी ने एक-एक पर्ची को बॉक्स से निकाला तथा उन्हें पढ़कर छात्राओं को समझाना शुरू कर दिया। एक स्लिप में छात्रा ने परिवार में ताने की बात कही तो मैडम ने कहा कि माता-पिता के पास बैठें, ताकि वह आपको और आप उनको समझ सकें।

(डॉ. निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)

4 दैनिक जागरण आगरा, 4 मार्च, 2022

मुस्कुरायेगा इण्डिया

# छात्राओं ने पर्ची में लिखी मन की बात

संस, फिरोजाबाद: गुरुवार को एसजी पीजी कालेज में मुस्कुराएगा इंडिया के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें छात्राओं ने पर्ची पर लिखकर अपने मन की बातें रखीं। असिस्टेंट प्रोफेसर ने पर्ची पढ़ने के बाद उन्हें आगे बढ़ते रहने के टिप्स दिए।



एसजी कालेज में आयोजित मुस्कुराएगा इंडिया कार्यक्रम के तहत छात्राओं को संबोधित करती डा. संध्या द्विवेदी • जागरण

छात्राएं खुलकर अपनी बात नहीं रख पाती हैं। इसलिए छात्राओं ने पर्ची पर अपने मन की बात लिखकर एक बाक्स में डाली। किसी ने आर्थिक संकट से होने वाली परेशानी, परीक्षा को लेकर टेंशन, स्वजनों द्वारा ताने मिलने के साथ ही पढ़ाई में कमजोर होने की बात लिखी। असिस्टेंट प्रोफेसर डा. संध्या द्विवेदी ने बारी-बारी से पर्चियों को बाहर निकाला। उन्होंने पर्ची पढ़ते हुए कहा कि सभी छात्राएं अपने आप से प्यार करें। इसके साथ ही जीवन में सफलता पाने को लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। कठिन परिश्रम करते हुए उसी दिशा में आगे बढ़ना चाहिए।

(डा० निवेदा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)



संविधान दिवस पर छात्राओं को संविधान की उद्देशिका का पाठन करते हुये - महाविद्यालय प्राचार्या डा० निर्मला यादव

संध्या द्विवेदी

(डा० निष्ठा शर्मा)

(डॉ. संध्या द्विवेदी)




दिनाँक 25 जनवरी 2022

राष्ट्रीय मतदाता दिवस

पर

ऑनलाइन जागरूकता

कार्यक्रम

(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी

(डॉ संध्या द्विवेदी)





अग्नि शमन सुरक्षा
सप्ताह के अन्तर्गत
कार्यशाला

फायर स्टेशन,
फिरोजाबाद के द्वारा

(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या त्रिवेदी
(डॉ. संध्या त्रिवेदी)






एक दिवसीय शिविर - मतदाता जागरूकता



श्रीमती कल्पना राजौरिया - ब्राण्ड एम्बेसडर 'स्वीप', फिरोजाबाद द्वारा सम्बोधन

(डॉ. निधा शर्मा)

(डॉ. संध्या द्विवेदी)



मतदाता जागरूकता अभियान हेतु रैली एवं पोस्टर द्वारा प्रदर्शन ←

गाँधी पार्क, फिरोजाबाद में दिव्यांगों की रैली के साथ मतदाता जागरूकता ↓



(प्रो॰ निरुपमा शर्मा)

(डॉ. संध्या द्विवेदी)



एक दिवसीय शिविर- स्वच्छता अभियान




(डॉ० निष्ठा शर्मा)

(डॉ. संध्या त्रिवेदी)



पर्यावरण जागरूकता एवं जल संरक्षण
एक दिवसीय शिविर




(डा० निष्ठा शर्मा)

(डॉ. संध्या त्रिवेदी)



एक दिवसीय शिविर

"एक कदम आत्म निर्भरता की ओर"

छात्राओं को संबोधित करती योजनाधिकारी
डा० निष्ठा शर्मा

(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)



विशेष शिविर
कोविड जागरूकता हेतु ग्राम रैली




वित्तीय शिक्षा जागरूकता

(डॉ० निष्ठा शर्मा)

(डॉ. संध्या त्रिवेदी)




विशेष शिविर

पुस्तक मेला - ग्राम बैंदी में आयोजित



(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या त्रिवेदी

(डॉ. संध्या त्रिवेदी)



पुस्तक-मेला - ग्राम भैंदी



(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या तिवारी
(डॉ. संध्या तिवारी)




विशेष शिविर
बापू बाजार - ग्राम भेंडी में आयोजित



(डॉ० निशा शर्मा)

संध्या त्रिवेदी
(डॉ. संध्या त्रिवेदी)




बापू बाजार में महाविद्यालय सचिव
श्री अनिल उपाध्याय संबोधित करते हुये



बापू बाजार में ग्रामवासी

(डॉ. निष्ठा शर्मा)

(डॉ संध्या सिंह)




विशेष शिविर

"मुस्कुरायेगा इण्डिया" में छात्राओं को संबोधित करती हुई योजनाधिकारी डा० संध्या द्विवेदी

(डा० निष्ठा शर्मा)

संध्या द्विवेदी
(डॉ. संध्या द्विवेदी)